मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 209, मुंबई, शुक्रवार, 6 अक्टूबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






# कुर्ला रेलवे ब्रिज पर युवती से छेड़छाड़

## कुर्ला जीआरपी ने आरोपी को दबोचा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महिलाओं के लिए सुरक्षित माने जाने वाले शहर मुंबई में अब महिलाओं से जुड़े अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर के एक व्यस्त स्टेशन के परिसर में महिला से छेड़छाड़ की घटना हुई है। इस मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि कुर्ला जीआरपी ने एक चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्यालय में काम करने वाली 30 वर्षीय महिला से छेड़छाड़ के आरोपी एक व्यक्ति को पकड़ा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ मुंबई में आप का प्रदर्शन

## कई कार्यकर्ता हिरासत में




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में लंबी पूछताछ के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया। इसे लेकर आप और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के तमाम नेता बीजेपी पर हमलावर हैं। सभी ने एक सुर में ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है और सिंह की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने मुंबई में विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह को ईडी ने बुधवार को गिरफ्तार किया। ईडी ने कल सुबह आप के 51 वर्षीय नेता के परिसरों पर छापेमारी भी की थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



# राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से खलबली

## 9 सीनियर छात्र सस्पेंड

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के पड़ोसी जिले ठाणे में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आया है। जिसके बाद 9 सीनियर छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, ठाणे नगर निगम आयुक्त ने राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज के नौ छात्रों को निलंबित कर दिया है। सभी पर कॉलेज के हॉस्टल में नए छात्रों का रैगिंग करने का आरोप है। ठाणे नगर निगम द्वारा संचालित राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग होने की शिकायत मिलने के बाद एक्शन लिया गया। आरोपी छात्र जांच में दोषी पाए गए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# अजित दादा जल्द बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## एनसीपी कोटे के मंत्री का दावा!



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री धर्मराव बाबा अत्राम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया है कि अजित दादा जल्द ही मुख्यमंत्री बनेंगे। नागपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए धर्मराव बाबा अत्राम ने कहा कि मुझे नहीं पता कि पांच साल बाद क्या होगा। लेकिन अजितदादा मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। दरअसल, अत्राम का यह बयान राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के बयान के बाद आया है। बता दें कि फडणवीस ने कहा था कि अगर अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने का समय आया तो वे उन्हें पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बनाएंगे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### नाराज नहीं दोनों दादा

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुणे के संरक्षक मंत्री पद को लेकर अजितदादा की नाराजगी का सवाल ही नहीं उठता। यह पहले से ही तय था कि पुणे के संरक्षक मंत्री का पद एनसीपी को दिया जाएगा। इसे पहुंचाने में बस थोड़ी देर हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि चंद्रकांत पाटिल पुणे के संरक्षक मंत्री पद जाने से नाराज नहीं हैं।

### गोंदिया में पार्टी बढ़ेगी

गोंदिया जिले के संरक्षक मंत्री की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई। इसका निश्चय ही कर लिया था। यह सांसद प्रफुल्ल पटेल का जिला है। इसलिए यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभिभावक मंत्री के रूप में काम करते हुए हम गोंदिया जिले में पार्टी को मजबूत करने और एनसीपी की ताकत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जातीय सर्वेक्षण और सवाल



**जब अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र का हिस्सा घटते हुए लगभग हाशिये पर पहुंच चुका है, सरकारी नौकरियों में आरक्षण से कुछ हजार या लाख लोगों को ही काम मिल सकता है, लेकिन उससे पिछड़े समाज का कायापलट नहीं हो सकता।**

यह तो साफ है कि बिहार के जातीय सर्वेक्षण से राज्य की सामाजिक संरचना के बारे में कोई आंख खोल देने वाले वाली जानकारी नहीं मिली। बिहार की कुल आबादी में विभिन्न जातीय वर्गों के प्रतिशत के बारे में मोटे तौर पर पहले से मौजूद आम अनुमान के अनुरूप ही जानकारी सामने आई है। तो अब सवाल मौजूं हो गया है कि जातीय सर्वे कराने के बाद बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन के पास आगे क्या एजेंडा है? क्या उसने कोई ऐसी योजना तैयार कर रखी है, जिससे विकास के क्रम में पीछे रह गई जातियों और उन जातियों के भी अपेक्षाकृत गरीब वर्गों को आगे लाया जा सकेगा? अगर मुद्दा सिर्फ आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग उठा कर जातीय गोलबंदी करना है, तो इससे बात नहीं बनेगी। जब अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र का हिस्सा घटते हुए लगभग हाशिये पर पहुंच चुका है, सरकारी नौकरियों में आरक्षण से कुछ हजार या लाख लोगों को ही काम मिल सकता है, लेकिन उससे पिछड़े समाज का कायापलट नहीं हो सकता।भारत के मौजूदा संवैधानिक ढांचे के अंदर निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग महज एक दिवास्वप्न है। वैसे भी जब भारतीय पूंजी का बाहर जाना एक प्रमुख रुझान बन गया है, और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं रॉबोटिक्स का उपयोग बढ़ रहा है, भारत के निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आम नौकरियों के पैदा होने की संभावना नहीं दिखती। वहां नौकरियां उन लोगों को ही मिलेंगी, जिन्होंने उच्च आधुनिक कौशल हासिल किया हो। इसलिए यह पूछा जाएगा कि उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की व्यवस्था करने के लिए लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार ने क्या काम किया है, जिनके हाथ में पिछले 33 साल से बिहार की बागडोर रही है? जहां तक प्रतिनिधित्व की बात है, तो क्या महागठबंधन अगले चुनावों में विभिन्न जातियों/धर्मों के व्यक्तियों को आबादी में उनके अनुपात के हिसाब से टिकट देने का निर्णय लेगा? मुद्दा यह भी है कि अगर ज्यादा संख्या दलित और अति पिछड़ी जातियों की है, तो तेजस्वी यादव या नीतीश कुमार को क्या महागठबंधन का नेतृत्व उनमें से किसी जाति के नेता को नहीं सौंप देना चाहिए?

# देश के चौथे स्तंभ को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मिली सौगातें

**मुंबई हलचल/नूर मोहम्मद शेख**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पत्रकार समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका निभाते हैं। पत्रकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज होते हैं। पत्रकारिता एक धर्म है, जिसके निर्वहन के लिए पत्रकार युद्ध, बाढ़, भूकम्प जैसी विपरीत स्थितियों में भी जीवन दांव पर लगाकर कार्य करते हैं। जब विपत्तियों में लोग सुरक्षित स्थान खोजते हैं, तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। स्टेट मीडिया सेंटर भविष्य के ऐसे वृट वृक्ष के बीज रोपे जा रहे हैं, जिनसे अनुभवों की शाखाओं पर अनंत आशाएं साकार होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मालवीय नगर भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर के लिए भूमि पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लघु समाचार पत्रों को एक माह के अंतराल से विज्ञापन जारी करने और 70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड प्रदान करने की घोषणा की। हर साल पांच महिला पत्रकारों को महिला विकास कार्यों पर अध्ययन के लिए फैलोशिप प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार समाज को प्राप्त वो आश्वासन है, जिनके होने से सुनवाई सुनिश्चित है। राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों के स्याही का अमूल्य योगदान है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र के प्राण हैं। मध्यप्रदेश की भूमि से पंडित माखनलाल चतुवेर्दी पत्रकारिता के पुरोधा बने। इसी धरती पर श्री हरिशंकर परसाई जैसे व्यंग्यकार हुए जिन्होंने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। स्व. श्री वेदप्रताप वैदिक ने हिंदी की प्रतिष्ठा के लिए कार्य किया। स्व. श्री प्रभाष जोशी ने नई भाषा दी। एक दौर था जब स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों ने भागीदारी की और परतंत्रता की बेड़ियां तोड़ने का कार्य किया। आपातकाल के खिलाफ भी पत्रकार लड़े। कोविड के कठिन दौर में पत्रकारों ने अपना दायित्व निभाया। पत्रकार समाजसेवी भी होते हैं, उनका सरोकारों से ऐसा रिश्ता होता है, जैसे शरीर और आत्मा का रिश्ता।

**मीडिया सेंटर बनेगा पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के दौर में कहीं-कहीं विश्वसनीयता का संकट देखने को मिलता है। संवाद, संचार और सम्पर्क पत्रकारिता के प्राण होते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आशा व्यक्त की कि स्टेट मीडिया सेंटर इन पत्रकारों के संवाद, खबरों के संचार और हमारे सम्पर्क का केन्द्र बनेगा। यह केन्द्र पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल बनेगा। यह केन्द्र वरिष्ठों के अनुभवों और युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करेगा। साथ ही पुराने घर की स्मृतियां भी संजोएगा।

**पुराने भवन की यादों के साथ नए आंगन में प्रवेश**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार भवन की नींव रखने वाले पुरोधा पत्रकारों का स्मरण भी किया और इस पत्रकार भवन में एक युग में पत्रकारों से भेंट और पत्रकार वार्ता आयोजित करने के अपने अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत 7 सितम्बर को उन्होंने मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में इस मीडिया सेंटर के संबंध में घोषणा की



थी जिसे आज मूर्त रूप देते हुए भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ है। अब पत्रकार बंधु इस मीडिया सेंटर के रूप में पुराने पत्रकार के भवन की यादों के साथ नए आंगन में प्रवेश करेंगे। पत्रकार भवन के पुनर्निर्माण का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशभर से पधारे पत्रकारों को स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**जिलों में पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने की चल रही है कार्यवाही - जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल**

जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास में प्रदेश भर से पत्रकार आए हैं। पत्रकार लोकतंत्र को वरदान बनाने का कार्य करते हैं। उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश को बीमारू प्रदेश होने की पहचान को समाप्त कर तेजी से विकास कर रहे प्रदेश की पहचान दी है। अब हम नहीं जमाना कहता है कि मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश में शामिल हो रहा है। उन्होंने समय-समय पर सभी वर्गों के हित में कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जिससे अनेक परिवारों को राहत मिली। गत 7 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में स्टेट मीडिया सेंटर प्रारंभ करने के साथ पत्रकारों कोजिला स्तर पर भूखंड प्रदान करने की घोषणा की थी। जिलों में पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभ हो गई है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी लंबे समय से उच्च पद के प्रभार के लिए पात्र अधिकारियों और नये सहायक संचालकों को लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जायेगा।

**वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मान निधि**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के 10 वरिष्ठ पत्रकारों को बढ़ी हुई सम्मान निधि प्रतीक स्वरूप प्रदान की। उल्लेखनीय है कि प्रतिमाह 10,000 के स्थान पर अब 20,000 की राशि का भुगतान सम्मान निधि के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के जिन वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मान निधि प्रदान की उनमें श्री विजय दत्त श्रीधर भोपाल, श्री ओम प्रकाश फरक्या इंदौर, श्री परमानंद तिवारी जबलपुर, श्री देव श्रीमाली ग्वालियर, श्री अंजनी कुमार शास्त्री रीवा, श्री राजेंद्र पुरोहित उज्जैन, श्री सिद्ध गोपाल तिवारी सागर, श्री कमलेश सिंह परिहार चंबल, श्री पंकज पटेरिया नर्मदापुरम और श्री रामावतार गुप्ता शहडोल शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार भवन परिसर में अनुष्ठान और विधि-विधान पूर्वक स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने शिला पट्टिका का अनावरण भी किया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन से हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंच पर आते ही प्रदेश के सभी जिलों से आये समस्त पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पौधा भेंट कर वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्टेट मीडिया सेंटर की विशेषताओं और पत्रकार कल्याण पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

**प्रत्येक जिले के पत्रकारों से मिले मुख्यमंत्री श्री चौहान**

स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन के औपचारिक कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के जिलों से पधारे प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों, टी.वी. कैमरा पर्सन और प्रेस छायाकारों से भेंट कर संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान पत्रकारों के साथ भोजन में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अहम घोषणाएं

➔ मध्य प्रदेश में महिला विकास एवं कल्याण के कार्यों पर अध्ययन करने के लिए माखनलाल चतुवेर्दी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं संस्थान द्वारा जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष 5 महिला पत्रकारों को फैलोशिप दी जाएगी।

➔ प्रदेश में अब 1 महीने के अंतराल से हर छोटे समाचार-पत्र को विज्ञापन देने की व्यवस्था की जाएगी।

➔ प्रदेश के 70 साल से अधिक की आयु वाले वरिष्ठ पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड दिया जायेगा।

➔ जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को वरिष्ठ पद के प्रभार के आदेश जारी किए जा रहे हैं।

➔ सहायक संचालक पद पर कार्य कर रहे अधिकारियों की जो वेतन वृद्धि देय है उसके भी आदेश जारी किये जा रहे हैं।

**कैसा होगा स्टेट मीडिया सेंटर**

भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 28 करोड़ रुपए की लागत से होगा। यह सर्व सुविधा युक्त मीडिया सेंटर होगा। इस सेंटर में निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम है। अगले दो वर्ष में निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। कुल 66 हजार 981 वर्गफीट में तीन मंजिल के भवन में लोअर ग्राउण्ड फ्लोर पर वाहन पार्किंग, ड्रायवर्स रूम, मेंटेनेंस रूम, बैंक, शॉप्स और डिस्पेंसरी निर्माण होगा। ग्राउण्ड फ्लोरपर एक्जीबिशन हॉल, आर्ट गैलरी, मिनी ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, रिसेप्शन कक्ष, कॉरीडोर, बैंक्वेट हॉल, बैंडमिंटन कोर्ट, रेस्टारेंट, टेरिस गार्डन होंगे। प्रथम मंजिल पर लायब्रेरी, प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, मल्टी मीडिया रूम, लाउन्ज, जिम्नेशियम और इन्डोर गेम हॉल होगा। दूसरे मंजिल पर ओपन टेरिस, वर्किंग स्पेस, केबिन मिनी मीटिंग रूम, क्यूबिकल वर्क स्टेशन होंगे। तीसरी मंजिल पर पत्रकारों के लिए वर्क स्पेस, न्यूज और मीडिया के ऑफिस स्पेस रहेगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# रेती माफियाओं का आतंक

**ठाणे जिला अधिकारी की कार्रवाई करने के बावजूद भी नहीं थम रहा है खाड़ी से रेती उत्खनन करने का मामला, आखिर रेती माफिया को किसका संरक्षण है प्राप्त, क्या मोटी रकम रेती माफिया से वसूल करने के लिए की जाती है दिखावे की कार्रवाई, आखिर क्या कारण है जो कार्रवाई करने के बाद भी रेती माफियाओं के हौसले है बुलंद**





**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** आखिर क्या कारण है जो ठाणे जिला अधिकारी द्वारा रेती माफियाओं पर कार्रवाई करने के बावजूद भी खाड़ी से रेती उत्खनन करने से रेती माफिया बाज नहीं आ रही है रेती माफिया को किसका संरक्षण प्राप्त है जो कार्रवाई के बावजूद भी बेखौफ होकर खाड़ी से रेती उत्खनन कर रहे हैं सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है की ठाणे जिला अधिकारी की मात्र दिखावे की कार्रवाई का और मोटी रकम वसूलने का नतीजा है जो रेती माफिया की हौसले बुलंद है जो कार्रवाई के बाद भी खाड़ी से रेती उत्खनन कर रहे हैं गत 4 अक्टूबर बुधवार को ठाणे जिला अधिकारी के नायब तहसीलदार दिनेश पाटणकर के नेतृत्व में विजिलेंस टीम नंबर 2 द्वारा समुद्र के बीच रेती उत्खनन करता हुआ बाज पर कार्रवाई की गई यह कार्रवाई की जानकारी देती हुई नायब तहसीलदार ने बताया कि हमारी ओर से लगातार 3 महीने से करवाई की जा रही है परंतु रेती माफिया सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं लाख समझाने के बावजूद भी यह अपने काम को अंजाम दे रहे हैं कई बार रेती माफियाओं पर मामला भी दर्ज किए गए हैं उन्होंने बताया एक बाज पर कार्रवाई करने के लिए 100 मजदूर लगते हैं कटर हेल्पर क्रेन की सहायता लगती है फिलहाल आज बाज को पूरी तरह से कटर से काटने का काम किया जा रहा है आज जो कार्रवाई हमने की है वह कार्रवाई पुलिस,रेलवे, मिली टाइम बोर्ड ,द्वारा मिलकर संयुक्त कार्रवाई की जाए तो परिणाम अच्छे निकलेंगे अब देखना यह है ठाणे जिला अधिकारी की विजिलेंस टीम द्वारा कार्रवाई की गई है क्या रेती माफिया अपनी हरकतों से बाज आ जाएंगे क्या खाड़ी से रेती उत्खनन करना बंद कर देंगे यह देखने वाली बात होगी क्योंकि कुछ दिनों पहले ही जिलाधिकारी की कार्रवाई के दौरान विस्फोटक 17 जिलेटिन की कांडी और डेटोनेटर बाज पर से बरामद किए गए थे।

## ट्रेन से गिरकर हुई युवक की दर्दनाक मौत



**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** ट्रेन से गिरकर युवक की मौत का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गत 3 अक्टूबर मंगलवार शाम 4 बजे कलवा से मुंब्रा की ओर आते समय किलोमीटर नंबर 38/108 डाउन ट्रैक के करीब एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई मृतक का नाम अदनान इब्राहिम मंसूरी वर्ष 24 रहवासी शिवाजी नगर अमृत नगर मुंब्रा का बताया जा रहा है ट्रेन से गिरने के बाद युवक को घायल अवस्था में नजदीकी सरकारी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा जांच करने के बाद 5:20 बजे मृत्यु घोषित कर दिया गया उसके बाद लाश का पंचनामा कर लाश को मृतक की मां हमीदा बानो शब्बीर शेख वर्ष 60 को सुपुर्त कर दिया गया ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा इस मामले में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया।

## मुंबई से जल्द विदा होगा मॉनसून

**मुंबई।** मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र से मॉनसून की विदाई में अब कुछ ही दिन बचे हैं। बारिश थमने के बाद तापमान बढ़ गया है और लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई, ठाणे, पालघर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जो इन दिनों के लिए सामान्य स्तर है। मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में सोमवार तक राज्य में कहीं भी बारिश नहीं होने की भविष्यवाणी की है। हालांकि,



कुछ जगहों पर बहुत हल्की बौछारें पड़ सकती है। मुंबई शहर में आम तौर पर मॉनसून की बारिश धीरे-धीरे कम होती है, लेकिन इस साल ऐसा होता नहीं दिख रहा है और बारिश अचानक बंद हो गयी। इस महीने शुरूआती में शुरू के दो दिन हल्की बारिश हुई। हालाँकि, बीते तीन दिनों से मुंबई में बारिश नहीं हुई है और अब आगे भी बारिश होने की संभावना नहीं के बराबर है। मौसम के जानकारों का कहना है कि मुंबई और उसके पड़ोसी जिलों के लिए बारिश का सीजन लगभग खत्म हो गया है। चूंकि मुंबई में अक्टूबर महीने में सामान्य तौर पर 91.3 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस साल यह आंकड़ा बहुत दूर है। आगामी दिनों में बारिश की भी संभावना नहीं है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### अजित दादा जल्द बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

इसके बाद महाराष्ट्र की सियासत में अजित पवार के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा छिड़ गई है। फडणवीस के बयान का मतलब ये है कि अजित दादा अगले चुनाव के बाद या उससे पहले भी मुख्यमंत्री बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा सीटें लाने की कोशिश करेंगे ताकि दादा मुख्यमंत्री बन सकें। अत्राम से जब ये पूछा गया कि क्या अजितदादा अगले कार्यकाल में मुख्यमंत्री बनेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है। राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कब क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता।

### कुर्ला रेलवे ब्रिज पर युवती से छेड़छाड़

कुर्ला जीआरपी के मुताबिक, घटना मंगलवार रात 8:20 बजे हुई, जब महिला प्लेटफॉर्म नंबर पांच से एक पर फुटओवर ब्रिज से जा रही थी। आरोपी पीड़ित महिला के पास पीछे से आया और उसे गलत तरीके से छुआ। जब महिला को इस बात का एहसास हुआ तो वह विरोध जताने के लिए पीछे मुड़ी, लेकिन आरोपी तुरंत मौके से भाग गया। इस दौरान पीड़ित महिला मदद के लिए चिल्लाई तो दो ऑन-ड्यूटी पुलिस कांस्टेबलों ने तत्काल संदिग्ध को पकड़ लिया। कुर्ला जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शार्दुल वाल्मिकी ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि महिला की आवाज सुनकर मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आरोपी को पकड़ लिया। उसे फिर पुलिस स्टेशन लाया गया और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय गणेश बेलसे के रूप में हुई है। वह अंधेरी का रहने वाला है और मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से खलबली

जिसके बाद उन्हें हॉस्टल से निकाल दिया गया और एक शैक्षणिक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को सितंबर में कॉलेज हॉस्टल में रैगिंग की शिकायत मिली थी। इसके बाद यूजीसी ने कॉलेज प्रबंधन को इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसके बाद राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की और नगर निगम आयुक्त अभिजीत भांगर को रिपोर्ट दी। जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गयी। मालूम हो कि 2013 में भी यह कॉलेज तब चर्चा में आया था जब मेडिकल के प्रथम वर्ष के एक छात्र ने अपने छह सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया था।

### संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ मुंबई में आप का प्रदर्शन

सिंह की गिरफ़्तारी के विरोध में गुरुवार को मुंबई के ईडी दफ्तर के बाहर आप ने प्रदर्शन किया। इस दौरान मुंबई पुलिस ने आप के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। आप के नेताओं का आरोप है कि मुंबई पुलिस ने बीती रात ही उनके 15 से अधिक बड़े नेताओं को उनके घरों पर हिरासत में रखा। जिससे विरोध प्रदर्शन को कमजोर किया जा सके। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत आज दिल्ली में आप सांसद संजय सिंह के आवास पर पहुंचे। उन्होंने संजय सिंह के परिवार से मुलाकात की। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा 'यह लड़ाई देश की है, हम मानसिक रूप से तैयार हैं कि हम सबको गिरफ्तार किया जाएगा। यह आपातकाल से भी ज्यादा भयंकर स्थिति है... मैंने संजय सिंह के घर जाकर उनकी पत्नी और मां से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि हम सब उनके साथ हैं...। बता दें कि संजय सिंह आप के वरिष्ठ नेता व पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के बाद अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से संबंधित मामले में गिरफ्तार होने वाले पार्टी के दूसरे 'हाई प्रोफाइल' नेता हैं। सिंह की गिरफ्तारी से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी और बीजेपी के बीच राजनीतिक खींचतान बढ़ गई है।

# ट्रेन की चपेट में आने से हुई एक अज्ञात व्यक्ति की मौत



**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अक्टूबर मंगलवार दोपहर मुंब्रा से कलवा स्टेशन किलोमीटर नंबर 35/231 के करीब 2.20 बजे एक घायल व्यक्ति की सूचना मिली घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति को उपचार हेतु के लिए ठाणे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर रात 10.53 को मृत्यु हो गई मृतक की झाड़ती के बाद किसी प्रकार का कोई भी पहचान पत्र प्राप्त नहीं किया गया है अज्ञात व्यक्ति अनुमानित 28 वर्ष हिंदू पुरुष है जिसकी ऊंचाई 5 फुट 6 इंच है शरीर पतला रंग सावला चेहरा ऊंचा नीचा नाक सीधी और काला बड़े हुए बाल शरीर पर कोई चिह्न नहीं शरीर पर कपड़े गुलाबी काले रंग की शर्ट और नेवी ब्लू रंग की जींस पैंट ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा अनुरोध किया गया है अगर इस युवक को कोई भी दोस्त या रिश्तेदार जानता है तो तुरंत ठाणे जीआरपी पुलिस उप निरीक्षक गोसावी 08082433843, सहायक पुलिस उप निरीक्षक परब 08692982028, पुलिस हवलदार जमदाडे 8291420124 से संपर्क कर सकते हैं इस अज्ञात व्यक्ति की मौत के मामले में ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा एडीआर 243/2023 भारतीय दंड संहिता की धारा 174 आकस्मित मौत के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त शुरू कर दी है।

# करिश्मा भूटिया को गुजरात में सिंगिंग रियलिटी शोज 'गातो गुजराती' में मिला सेकेंड प्राईज

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** नवजीवन रहिवाशी संघ डिमेलो कंपाउंड धोबी घाट सांताक्रूज ईस्ट वकोला की रहने वाली करिश्मा भूटिया उम्र 18 वर्ष - एक गरीब घर से है। ऊनकी मां अपने लडकियों के साथ घर घर जाके साडियां बेचकर अपना घर चालाती हैं। करिश्मा भूटिया गुजरात में एक सिंगिंग रियलिटी शोज 'गातो गुजराती' में सेकेंड प्राईज मिला। आज एक गरीब घर के बेटी ने अपने समाज और राष्ट्र का नाम ऊंचा कर दिया। उसके इस हुनर को हम सभी भारत वासियों का दिल से सलाम और करिश्मा को आगे लेके जाने के लिए दै. मुंबई हलचल के संपादक श्री दिलशाद एस. खान सर, नेहरू युवा केंद्र (मुंबई) श्री प्रकाश मनोरे सर और श्री निशांत रौतेला सरश्री प्रशांत जाधव सर श्री माऊली शक्ती फाउंडेशन श्री युवा शक्ती श्री ग्रुप व प्रौडक्शन श्री माऊली शक्ती महीला बचत गट श्री दिलीप कदम सर त्रिरत्न प्रेरणा मंडळ श्री राधेश्याम जैसवार सर द ह्युमन योगा फाउंडेशन गातो गुजराती उसके परिवार और वहां पे रहने वाले लोग इन सभी बहुत बडा सहयोग था। आप सभी भारत वासीयो के सहयोग और प्यार के लिए बहुत बहुत शुक्रिया।



# कांग्रेस पार्टी से टिकट के प्रबल दावेदार बलराम यादव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान अजीतगढ़।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ड्रीम प्रोजेक्ट एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ नाटकों के जरिए प्रदर्शित किया जा रहा है। इन नाटक व अभिनय के जरिए आमजन से अपील की जा रही है कि वह सीएम गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हों। श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से टिकट के दावेदार युवा नेता बलराम यादव इन कार्यों में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। बलराम यादव कार्यकर्ताओं की टीम के साथ इस संदर्भ में घर-घर दस्तक दे रहे हैं। यादव ने कार्यकताओं से कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की रीति, नीति एवं मुख्यमंत्री गहलोत के प्रोजेक्ट को आमजन से अवगत करवाते हुए उन्हें लाभान्वित करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करें। इस दौरान बलराम यादव ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अपने कार्यों के बूते रिपीट होंगी, क्योंकि जनहित के कार्य सीएम अशोक गहलोत ने किए है।



# बंदेहरा का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बदहाल, डॉक्टरों के अभाव में महिलाएं अन्यत्र प्रसव कराने को मजबूर – खुशबू कुमारी, मुखिया

## वेलनेस सेंटर, हाथी के बाहरी दांत जैसा – राजीव कुमार रंजन, युवा नेता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**परबत्ता (बिहार)।** इस प्रखंड अन्तर्गत बंदेहरा ग्राम पंचायत के आयुष्मान भारत के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, उप स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली एवं अव्यवस्था से ग्रामीण काफी नाराज हो गए हैं। सेंटर काफी अव्यस्थित है। न तो रोगियों का समुचित इलाज हो पाता है और न ही आवश्यक दवाइयां ही मिल पाती है। सेंटर पर पदस्थापित डॉक्टर तो कभी नजर ही नहीं आते हैं। एएनएम है, पर कभी कभी ही नजर आती हैं। सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। गांव की महिलाओं को प्रसव कराने बंदहरा से लगभग 20 किलोमीटर दूर प्रखंड मुख्यालय परबत्ता जाना पड़ता है। इस बाबत जब इस मीडिया ने बंदेहरा की मुखिया खुशबू कुमारी तथा राजीव कुमार रंजन से पूछा तो उन्होंने कहा वर्षों पूर्व बने इस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से हमारे ग्रामीणों खास कर गर्भवती महिलाओं को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। भगवान भरोसे गर्भवती महिलाएं अपना प्रसव, अपनी लोकल व्यवस्था पर ही करने को मजबूर हैं। हर माह औसतन पांच छः गर्भवती महिलाएं प्रसव करा ही लेटी हैं। वेलनेस सेंटर सिर्फ दिखावे के लिए बना हुआ है। आगे उन्होंने कहा सेंटर के कमरे में दवाइयां, डस्ट बीन, टेबल, कुर्सी पर सामग्रियां यत्र यत्र बिखरी पड़ी रहती है। इस सेंटर को कोई देखने वाला ही नहीं है। आगे मुखिया खुशबू कुमारी ने कहा इस संबंध में मैंने कई बार संबंधित अधिकारियों को सेंटर की स्थिति में सुधार के किए मौखिक और लिखित जानकारी दे चुकी हूं, पर आज तक इस सेंटर का कायापलट नहीं हो सका है।





# गणेशोत्सव के दौरान कुलाब्याचा युवराज और गीता नगरच्या महाराजा के दरबार में लगा भक्तों का तांता

## दिलशाद एस. खान, अजय एल. दुबे और धर्मेश जोशी ने लिया बप्पा का आशिर्वाद







**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में हर गली हर चौराहे हर बिल्डिंग में गणपति बप्पा का धूम हैअ हर जगह बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया की गूंज गणेशोत्सव के दौरान सुनाई पड़ रही थी। इस दौरान कुलाब्याचा युवराज और गीता नगरच्या महाराजा के दरबार में पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें बतौर चीफ गेस्ट दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दुबे और तारा माँ चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष - संस्थापक धर्मेश जोशी ने पहुंच कर बप्पा का अशिर्वाद प्राप्त किया। बता दें कि बड़े ही धूमधाम से बप्पा का पूजा पाठ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कुलाब्याचा युवराज और गीता नगरच्या महाराजा के दरबार में भारी तादाद में भक्तों ने पहुंचकर बप्पा का आशिर्वाद लिया। कुलाब्याचा युवराज के अध्यक्ष रितेश भाई, टायगर ग्रुप कुलाबा के अध्यक्ष रवि भाऊ व गीता नगरचा महाराजा के अध्यक्ष विवेक सकपाळ और उनकी पूरी टीम ने काफी लगन और मेहनत से बप्पा का सेवा किया।







# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस से हिंदू भाई भी हुए खुश

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** इस बार ईद मिलादुन्नबी का जुलूस हर बार की तुलना में थोड़ा अलग रहा। अनंत चतुर्थदशी और ईद मिलादुन्नबी का पर्व एक ही दिन पड़ने की वजह से तनाव का माहौल बनने ही वाला था कि मुसलमानों की सूझबूझ से प्रशासन ने रहत की सांस ली। संभवतः पहली बार ईद मिलादुन्नबी का जुलुस अपनी तय तिथि से एक दिन आगे बढ़ाया गया। गणेश भक्तों ने भी मुसलमानों के इस कदम को सराहा। मुंबई से निकलने वाले सभी ईद मिलादुन्नबी के जुलूस शांति से निकाले गए। प्रमुख रूप से निकलने वाले खिलाफत हाउस के परंपरागत जुलूस के साथ ही पूर्व मंत्री नसीम खान के नेतृत्व में निकला घाटकोपर का जुलूस भी चर्चा में रहा। इसके अलावा शहर के कई हिस्सों से राजनीतिक दल के नेताओं और धर्मगुरुओं के नेतृत्व में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। सबसे पहले अंधेरी ईद मिलादुन्नबी जुलूस को एक दिन आगे बढ़ाने का निर्णय लेने वाले सलीम मापखान के नेतृत्व में निकला जुलुस भी खासा चर्चा में रहा। मरोल मापखान नगर से अंधेरी कुर्ला रोड, मरोल पाइप लाइन, चरत सिंह कॉलोनी, चकला, कबीर नगर, सहार, मरोल, आरे रोड से होता हुआ यह जुलूस पवई के हजरत शाह वली दरगाह पर खत्म हुआ। जहां सलीम मापखान सहित उनके साथ मौजूद तमाम उलेमा और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सत्कार किया गया। जुलुस में शामिल लोगों ने सलीम मापखान के निर्णय को स्वीकार कर जुलूस को एक दिन बढ़ाकर हिंदू-मुस्लिम एकता की जो मिसाल पेश की उसकी चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। हिंदू भाइयों ने भी इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की।



# जरूरतमंदों को भोजन दान करने से सुख और आनंद मिलता है: राधेश्याम चांडक

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कुछ सेवादारों ने स्वतःस्फूर्त होकर हर गुरुवार को भोजन दान करने का निर्णय लिया और इस पहल को दस साल पूरे हो रहे हैं। जन्मदिन पर जरूरतमंदों को भोजन दान करने से मानसिक शांति और आनंद मिलता है। ये उद्गार 492वें सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित अन्नदान वितरण के दौरान राधेश्याम चांडक उपाख्य भाईजी ने कहा। अन्नदान के आरंभ में भाईजी ने संत गजानन महाराज की छवि का पूजन कर पुष्प अर्पित किये और भाईजी के हाथों अन्नदान प्रारंभ हुआ। अन्न दान सबसे महान दान है, मरीजों के परिजनों के सहयोग को ध्यान में रखते हुए गजानन महाराज सेवा समिति ने सुरेश गट्टानी की संकल्पना से अन्न दान योजना शुरू की। विजय वैद्य, रूपराव उज्जैनकर, श्री. वावगे, तिलोकचंद चांडक, प्रकाश चंद्र पाठक, शामराव खरे, पांडुरंग कावले, राजपूत (पुलिस), गोपाल सिंह राजपूत, सचिन सूर्यवंशी, वाणी, वाघ, चव्हाण, सांगले, चोपड़े, कोलवाडकर, राहुल, सईद ठेकेदार, सलीम, मिर्जा, बजरंग सोनी आदि। सेवाकारी प्रत्येक गुरुवार को सेवा प्रदान करता है, अशोक पांचाल कैटर्स न नफा न तोता के आधार पर भोजन प्रदान करता है, मनोज राजुरे मुफ्त आर.ओ. प्रदान करता है।हर साल भाईजी और डॉ. सुकेशजी ने झंवर के जन्मदिन के अवसर पर भोजन दान किया। आज भाईजी के साथ माहेश्वरी युवा मंच के सर्वश्री उमेश मूंदड़ा, कमलेश चांडक, नितिन तापड़िया, महेश टावरी, डॉ. पवन बजाज के साथ मधुकर गायके, पंजाबराव एलाग आदि ने सहयोग किया। दो माह बाद इस गतिविधि को 500 सप्ताह पूरे हो जाएंगे और इस बार सभी सेवक अन्नदान का खर्च उठाएंगे। कई गणमान्य लोगों ने कहा कि यह पहल बेहद सराहनीय है। इसमें विधायक संजय गायकवाड, पूर्व विधायक विजयराज शिंदे, विजय अंभोरे समेत कई गणमान्य लोग सहयोग कर रहे हैं। बुलडाणा शहरी के अध्यक्ष राधेश्याम चांडक उपाख्य भाईजी ने इस पहल को जन्मदिन, मृत्यु वर्षगाँठ, जन्म, मृत्यु, विवाह वर्षगाँठ के अवसर पर भोजन दान करके इस पहल में मदद करने की अपील की। इस पहल से प्रत्येक गुरुवार को पांच सौ से अधिक जरूरतमंद लोग लाभ लेते है।



# भाजपा नेता उमेश तिवारी के नेतृत्व में लोक निर्माण कैबिनेट मंत्री का किया भव्य स्वागत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

नवाबगंज, प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद का भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में कौड़िहार चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री को फूल मालाओं से लाद दिया। केबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं उसी के दम पर पार्टी चलती है। इस अवसर पर मुख्य रूप युवा भाजपा नेता अस्तित्व सिंह, गुड्डू राजा, अंकित मिश्रा, वात्सल्य यादव, देवेन्द्र शुक्ला, शिवांशु मिश्रा, परवेज पटेल प्रधान, रमेश प्रधान पति, अशीष मिश्रा, भानू तिवारी, कुलदीप गिरी, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रशांत केसरवानी, कमलेश मिश्रा, कल्लू मौर्या, उत्तम पटेल, शिव शंकर मिश्रा ,उर्फ कल्लू डान आदि मौजूद रहे।



# आबादी के अनुपात में मुसलमानों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करे सरकार: नजरे आलम

**मुंबई हलचल/सलीम आजाद**

**मधुबनी।** जाति आधारित जनगणना को रोकने की बीजेपी की साजिशों के बावजूद बिहार की महागठबंधन सरकार ने इस काम को पूरा कर इसका डेटा जारी कर दिया है, जो नीतीश कुमार और उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। ये विचार व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने कहा कि इस सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि किसकी कितनी जनसंख्या है और सरकारी संसाधनों से लाभ किसे मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस जनगणना ने राज्य में मुसलमानों की आबादी को भी स्पष्ट कर दिया है, क्योंकि इसका उद्देश्य आबादी के विभिन्न वर्गों के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त करना और उसके अनुसार सरकारी योजनाएं बनाना है, इसका मुसलमानों को भी फायदा मिलना चाहिए और जनसंख्या के अनुपात में मुसलमानों के लिए भी सरकारी योजनाएं बननी चाहिए। श्री नजरे आलम ने कहा कि आजादी के बाद से मुसलमानों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है, लेकिन उनके मुंह भराई का ढ़िंढ़ोरा खुब पीटा गया।पार्लियामेंट और विधानसभाओं से लेकर नौकरियों तक में उनके साथ भेदभाव किया गया और हर जगह उनका प्रतिनिधित्व कम करने की कोशिश की गई।इसलिए, अब समय आ गया है कि मुसलमानों को भी आबादी के अनुपात में उनका हिस्सा मिलना चाहिए और उन्हें उनके वैध अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। मुसलमानों को भी अन्य वर्गों के साथ साथ उनका अधिकार दिया जाना चाहिए। बिहार शरीफ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मशकूर अहमद ने कहा कि जाति आधारित जनगणना करा कर नीतीश कुमार ने यह सबूत दे दिया है कि वह बिना भेदभाव के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं और हर वर्ग को उसका हक दिलाना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री मुस्लिमों को भी उनकी आबादी के अनुपात में उनका हक दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि इस जनगणना से यह स्पष्ट हो गया है कि आजादी के 75 साल बाद भी कुछ वर्ग और मुट्ठी भर लोग सरकारी संसाधनों पर कब्जा जमाए बैठे हैं और कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस बात से सबसे ज्यादा चिंतित है क्योंकि वह कुछ वर्गों को लाभ पहुंचाने में विश्वास करती है और इसलिए वह नहीं चाहती थी कि यह काम पूरा हो और उसने इसे रोकने के लिए हरसंभव कोशिश भी की थी। बलाई (बीरौल) के सामाजिक कार्यकर्ता सैफुल इस्लाम सरवर ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म का राजनीतिकरण करने वाली भाजपा ने जाति आधारित जनगणना के पूरा होने के बाद विपक्षी दलों पर जाति की राजनीति करने का आरोप लगाने लगी है। उन्होंने बिहार सरकार और केंद्र की मोदी सरकार से अन्य समुदायों के साथ-साथ मुसलमानों की भी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग की।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

**उत्तराखंड हलचल**

# सीएम की उपस्थिति में स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विटजरलैंड के मध्य करार किया गया है

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सचिवालय में समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विटजरलैण्ड के मध्य करार किया गया है। स्विस एजुकेशन ग्रुप राज्य में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने में भी सहयोग करेगा। उत्तराखण्ड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप




के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिराज आर्टिनियन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य में विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही ईको टूरिज्म, वैलनेस को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने समझौते में अहम भूमिका निभाने पर अभय दास महाराज का आभार व्यक्त किया। लगभग चार माह पूर्व इन क्षेत्रों में राज्य को सहयोग देने के लिए मुख्यमंत्री एवं अभय दास महाराज के बीच चर्चा हुई थी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी, स्विस एजुकेशन ग्रुप से सूर्य प्रताप सिंह भाटी, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती उपस्थित थे।

# दुकान की आड़ में अवैध रुप से लोगों को शराब बेचने/पिलाने पर थाना गंगोलीहाट पुलिस ने दुकान संचालक को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शांति व्यवस्था भंग करने में 02 लोगों को किया गिरफ्तार तथा मिशन मर्यादा व यातायात नियमों का उल्लंघन करने में कुल 81 लोगों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह के निदेर्शानुसार, जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब की बिक्री व तस्करी करने/ होटल- ढाबों की आड़ में शराब पिलाने/ बेचने वालों के विरूद्ध की जा रही कड़ी वैधानिक कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष गंगोलीहाट, मंगल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गंगोलीहाट क्षेत्रान्तर्गत एक दुकान में चैकिंग/छापेमारी कर दुकान संचालक, प्रकाश चन्द्र पुत्र नन्दा बल्लभ जोशी, निवासी ग्राम भनूली सेराघाट जिला पिथौरागढ़* को अवैध रुप से लोगों को शराब पिलाने/ बेचने पर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर




उसके विरुद्ध थाना गंगोलीहाट में धारा- 21/60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में कोतवाली गेट के पास गोकुल राम पुत्र जोगा राम निवासी बागेश्वर द्वारा हल्ला गुल्ला, गाली गलौच कर मरने मारने पर उतारू होकर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर उ0नि0 शंकर सिंह चौकी प्रभारी ऐचोली द्वारा धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में बलवन्त प्रसाद पुत्र जगत राम निवासी ओड़गांव थाना डीडीहाट द्वारा अपने पड़ोसी से हल्ला गुल्ला, गाली गलौच कर मरने मारने पर उतारू होकर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर उ0नि0 बसन्त टम्टा द्वारा धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 लोगों के विरुद्ध एम0वी0 एक्ट के तहत, मिशन मयार्दा के तहत 26 लोगों के विरुद्ध 81 पुलिस अधि0 के अन्तर्गत चालान की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त कुल 36 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

# मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 86वीं बैठक आयोजित की गई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 86वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने नाबार्ड द्वारा प्रकाशित 'स्टेट लेवल बैंकिंग प्लान ऑन गोट फार्मिंग' नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण संबंधित योजनाओं के अंतर्गत बैंक एवं संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर आम जन को तय समय पर ऋण उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि समस्त बैंक लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का तय समय पर निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि ऋण आवेदन के क्षेत्र पर सभी बैंक



नो-पेंडेंसी के वर्क-कल्चर को अपनाएं। बैंकों द्वारा जिन भी ऋण आवेदन पत्रों को अस्वीकारा गया हो, उनका पुनः आंकलन किया जाए एवं बैंक अनुचित कारणों से ऋण आवेदन पत्रों को निरस्त ना करें। उन्होंने कहा कि बैंक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, एनयूएलएम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पीएम स्वानिधि योजना में निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बैंक स्थानीय स्तर पर भी प्रशासन से समन्वय करते हुये एन.पी.ए. कम करने का प्रयास करें। साथ ही जिन जिलों में ऋण जमा अनुपात कम हो, सभी जिलों में ऋण जमा अनुपात बढ़ाने हेतु क्रेडिट आउटरीच कैंपों का अयोजन हो। बैठक में सचिव दिलीप जावलकर, अपर सचिव ग्राम्य विकास आनंद स्वरूप, अपर सचिव पर्यटन पूजा गर्ब्याल, अपर सचिव नितिन भदौरिया, क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई श्रीमती लता विश्वनाथन, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड विनोद कुमार बिष्ट, पंकज गुप्ता अध्यक्ष इन्डस्ट्रीज आदि मौजूद रहे।

## डॉयल 112 पर झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले व्यक्ति का थाना जाजरदेवल पुलिस ने किया 10 हजार रुपये का चालान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** महेन्द्र लाल पुत्र कुशाल राम, निवासी- ग्राम रुईना पो0 भड़कटिया थाना जाजरदेवल जिला पिथौरागढ़* द्वारा पुलिस हेल्पलाइन नम्बर- 112 पर कॉल कर ग्राम रुईना क्षेत्रान्तर्गत अवैध भांग की खेती होने सम्बन्धी सूचना दी गई। उक्त सूचना पर उ0नि0 मीनाक्षी मनराल व हमराही कर्म0 गणों द्वारा* तत्काल मौके पर जाकर जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि शिकायतकर्ता महेन्द्र लाल उपरोक्त द्वारा 112 पर कॉल कर झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध धारा- 83 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए 10,000/- रु0 का चालान* कर चालानी रिपोर्ट माननीय न्यायालय प्रेषित की गई। पुलिस द्वारा आम जनमानस की त्वरित सहायता हेतु हेल्पलाइन नम्बर- 112 जारी किया गया है, जिसमें आने वाली प्रत्येक कॉल पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाती है। सभी जनसामान्य से अपील है कि हेल्प लाइन नम्बरों का गलत उपयोग न करें। फर्जी सूचना देने वालों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## छात्र संघ चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों के साथ की गई गोष्ठी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पौड़ी।** आगामी छात्र संघ चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों के साथ की गई गोष्ठी।आज दिनांक 05.10 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे* द्वारा हे.न.ब.ग. वि.वि. के बिरला कैम्पस श्रीनगर* व बी.जी.आर. कैम्पस पौड़ी* में दिनांक-14.10.2023 को होने वाले आगामी छात्र संघ चुनाव-2023* को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गोष्ठी का किया गया आयोजन।गोष्ठी में छात्रसंघ चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु महोदया द्वारा सम्बन्धित थाना प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हुडदंग करने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा तथा उनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। हुडदंग करने वाले छात्रों पर विशेष नजर रखने हेतु कहा गया है। साथ इस बार छात्रसंघ चुनाव में क्यूआरटी की टीमें भी तैनात की जायेगी। चुनाव के मध्यनजर समुचित पुलिस बल को उपलब्ध कराने हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन पौड़ी व वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

## अवैध शराब के खिलाफ चमोली पुलिस की मुहिम जारी, की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** 14 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ जोशीमठ पुलिस ने 02 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार, शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को किया गया सीज पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव(आईपीएस) के कुशल नेतृत्व में चमोली पुलिस का नशा तस्करों के प्रति लगातार अभियान चलाया हुआ है, जनपद चमोली को नशामुक्त करने की श्रीमान पुलिस अधीक्षक चमोली महोदया की मुहिम को लेकर चमोली पुलिस लगातार प्रयास कर रही है आज दिनांक 05-10-2023 को




थाना जोशीमठ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत हेलंग बाजार के पास सघन चैकिंग अभियान चलाकर समय प्रातः 05:15 बजे एक सफेद रंग की बिना नंबर की आल्टो गाड़ी को रोक कर चैक करने पर आल्टो गाड़ी से परिवहन की जा रही अवैध अंग्रेजी शराब (मैकडोवल ) की 14 पेटी के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

# ताउम्र रहना है स्वस्थ तो डाइट में शामिल करें ये सुपरफूड्स



दिनभर काम के चक्कर में महिलाएं अक्सर अपनी सेहत के साथ समझौता कर लेती हैं। कुछ महिलाएं हैल्दी रहने के लिए योग, वर्कआउट और एक्सरसाइज तो करती हैं लेकिन स्वस्थ रहने के लिए सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। अच्छी सेहत के लिए सही डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए आपके शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्वों की जरूरत होती है और आपकी यह जरूरत अच्छी डाइट और हैल्दी फूड्स ही पूरी कर सकती हैं। चलिए जानते हैं कुछ ऐसे ही फूड्स जो ना सिर्फ महिलाओं को स्वस्थ भी रखेंगे बल्कि उन्हें कई बीमारियों से भी बचाएंगे।

## महिलाओं के लिए स्वस्थ आहार

1. **साबुत अनाज** - फाइबर, मिनेरल्स, विटामिन्स, कैल्शियम और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर साबुत अनाज का सेवन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न सिर्फ महिलाओं को ऊर्जा मिलती है बल्कि यह वजन कंट्रोल करने में भी मददगार होता है। साबुत अनाज के रूप में ब्राउन चावल, गेहूं, जौ आदि का सेवन कर सकती हैं।
2. **सब्जियां** - महिलाओं को अपनी डाइट में हरी और सीजनल सब्जियों को शामिल करना चाहिए। हरी सब्जियों में कैलोरी की मात्रा कम होती है और इसमें पोटैशियम, विटामिन्स और फाइबर भी भरपूर मात्रा में होते हैं। हरी और पत्तेदार सब्जियां जैसेइ पालक, पत्तागोभी, तोरी, करेला आदि खने से महिलाओं के शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण मिलता है।
3. **फल** - स्वस्थ रहने के लिए महिलाओं को रोजाना फलों का सेवन जरूर करना चाहिए। अगर आप फल नहीं खा सकती तो एक गिलास फ्रूट जूस पी लें। फलों में विटामिन, कैल्शियम और फाइबर की पर्याप्त मात्रा में होते हैं, जोकि आपको डायबिटीज, कैंसर और दिल के रोगों से दूर रखते हैं।
4. **सलाद** - भोजन के साथ या खाने से पहले सलाद का सेवन जरूर करें। इससे महिलाएं ज्यादा खाने से बच सकती है, जिससे आपको मोटापा कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। मगर यह ध्यान रखें कि सलाद में खीरे, ककड़ी, टमाटर जैसे विटामिन्स वाले खाद्य-पदार्थ शामिल हो।
5. **अखरोट** -शायद आप नहीं जानती कि अखरोट का सेवन आपके लिए कितना फायदेमंद होता है। यह शरीर को एनर्जी देने के साथ आपको कैंसर जैसी बीमारियों से भी बचाता है। इसके साथ ही इससे मेटाबॉलिज्म और इम्यून सिस्टम भी दुरूस्त रहता है।
6. **दूध और दही** - दूध और उससे बने खाद्य पदार्थों को डाइट प्लान में जरूर शामिल करना चाहिए। इतना ही नहीं, खाने के बाद मलाई वाला दूध पीना भी महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है। इससे न सिर्फ आपके शरीर को भरपूर पोषण मिलता है बल्कि यह मोटापे की समस्या भी नहीं होने देता।
7. **चिया के बीज** - सुपरफूड माने जाने वाले चिया के सीड्स को अपनी डाइट में शामिल कर आप लंबे समय तक हैल्दी रह सकती हैं। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स और कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर को एनर्जी देने के साथ ब्रेन को तेज करने में काफी मददगार है। इसके अलावा रोजाना इसका सेवन आपको कैंसर जैसी बीमारियों से भी बचाता है।

# अधूरी नींद लेने वाले हो जाए सतर्क, घेर सकती हैं ये गंभीर बीमारियां

## पूरी न लेने के नुकसान



नींद पूरी न होना सिर्फ अगले दिन थकावट या बोझिल एहसास ही नहीं कराता बल्कि एक यह मोटापे और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की वजह भी हो सकता है। एक ताजा शोध के नतीजों के बाद वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है कि चैन की नींद न लेने से आप गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**मोटापे की समस्या**

साइंस एडवांसेस जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक, नींद पूरी न होने से डी.एन.ए की कार्यप्रणाली में परिवर्तन होता है। इस कारण शरीर में अधिक वसा जमा होने लगती है। शोधार्थियों के मुताबिक एक रात चैन से न सोने मात्र से मांसपेशियां छोटी होने लगती हैं और वसा तेजी से जमा होने लगती है। जबकि लोग देर रात खाने और सुबह थकान के कारण कसरत न कर पाने को मोटापा की वजह मानते हैं। शोधार्थियों ने पहले भी अधूरी नींद से वजन बढ़ने को जोड़ा था पर इसके पीछे के मूल कारणों को स्पष्ट नहीं कर पाए थे। अब इसे बॉडी क्लॉक से जोड़कर आसानी से समझाया जा सकता है।

**टाइप-2 डायबिटीज का खतरा**

शोध के मुताबिक जब शरीर थका हुआ होता है तब वह रक्त में शुगर की मात्रा को नियंत्रित नहीं कर पाता है। ऐसे में टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। इस शोध से भविष्य में गंभीर बीमारियों से निपटने के रास्ते खुलेंगे।

**कैंसर व स्ट्रोक की संभावना**

मोटापे से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इससे कैंसर और स्ट्रोक होने की भी संभावना होती है। शोध में पाया गया है कि दुनियाभर में शरीर में वसा की बढ़ी मात्रा मौत का कारण बन सकती है। पर्याप्त नींद न लेने से मोटापा बढ़ता है।

# ब्यूटी क्रीम से नहीं, टीनएजर्स इस तरह करें अपनी स्किन केयर

टीनएजर्स के लिए स्किन केयर करना बेहद जरूरी है। अपने चेहरे को बेदाग और सुंदर बनाने के लिए वह केमिकल युक्त चीजों का इस्तेमाल करते हैं। मगर ज्यादा केमिकल वाली चीजों का यूज करने से चेहरा खराब भी होने लगता है। बिना सोचे-समझे कोई भी ब्यूटी प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल करने से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। घरेलू स्किन केयर टिप्स का इस्तेमाल करके टीनएजर्स बिना किसी साइड इफैक्ट के अपनी त्वचा को खूबसूरत और हैल्दी बना सकती है।

1. चेहरा धोने के लिए माइल्ड फेसवॉश और माइल्ड क्लींजिंग जैल का ही प्रयोग करें।
2. सूर्य की यू.वी किरणों से त्वचा की रक्षा करने के लिए 15 एस.पी.एफ वाला सनस्क्रीन लगाएं।
3. सनस्क्रीन नहीं लगाना चाहतीं तो एक ककड़ी को छीलकर मैश कर लें फिर उसे पतले कपड़े से छान लें। इसमें 1 छोटा चम्मच गुलाब जल और ग्लिसरीन मिला लें। अब इसे सनस्क्रीन लोशन की तरह इस्तेमाल करें। यह सन टैन को दूर करता है।
4. त्वचा का प्राकृतिक निखार बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार फेस मास्क लगाएं। मगर स्क्रब करने से बचें।
5. यदि आपकी स्किन ऑयली है तो पोटैटो पैक ट्राई करें। इसके लिए 1 छोटा चम्मच आलू का रस और मुलतानी मिट्टी को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाकर सूखने दें। पहले चेहरा गुनगुने पानी से और फिर ठंडे पानी से धो लें।
6. यदि आपको ब्लैकहैड्स की समस्या है तो दालचीनी पाउडर में थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाएं। फिर जहां ब्लैकहैड्स हैं वहां लगाएं। इससे ब्लैकहैड्स की समस्या से छुटकारा मिलेगा।
7. नीम, तुलसी और हरा धनिया का रस बराबर मात्रा में मिला लें और चेहरे पर लगाएं। अब 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। प्राकृतिक गुणों से भरपूर नीम, तुलसी एवं हरा धनिया मुंहसों से निजात दिलाते हैं।
8. टीनएजर्स को मेकअप कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। यदि शादी या पार्टी में जाना हो तो हमेशा अच्छे ब्रांड के कॉस्टमैटिक्स ही इस्तेमाल करने चाहिए।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जैकी श्रॉफ को लगता है पत्नी आयशा से डर

बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ की लव स्टोरी भी कमाल की रही है। हाल ही में एक्टर ने कुछ ऐसे चौंकाने वाले खुलासे किए जिसे सुनकर सब हैरान रह गए। दरअसल, जैकी श्रॉफ हाल ही में सुनील शेट्टी के साथ डांस दीवाने 3 के सेट पर पहुंचे थे। यहां सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ढेर सारी बातें कीं। इन दोनों ने अपनी पत्नियों के बारे में खास खुलासे किए। डांस दीवाने के होस्ट राघव ने जैकी श्रॉफ और सुनील शेट्टी से पूछा कि क्या वो अपनी पत्नियों से डरते हैं? इस पर दोनों ने 'हां' कहा है। इसके बाद जैकी श्रॉफ ने अपनी पत्नी आयशा से जुड़ा खास किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया है कि वो अपनी पत्नी से तब से डरते हैं जब उन्होंने आयशा श्रॉफ को एक बदमाश को मारते हुए देखा था। जैकी श्रॉफ ने कहा, 'खाली नाम दादा है बिड़ू। मैं हमेशा डरता आया हूं, आज से नहीं पहले से। जैकी श्रॉफ ने आगे कहा, 'मैंने अपनी पत्नी को पहली बार किसी को धोते हुए देखा, तब से डरता हूं।'



# विद्या बालन के नाम पर रखा गया सैन्य फायरिंग रेंज का नाम

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस विद्या बालन इन दिनों अपनी फिल्म 'शेरनी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। यह फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा विद्या को हाल ही में अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स एंड आर्ट्स की तरफ से जारी की गई सूची में शामिल हुई हैं। अब विद्या बालन ने अपने नाम एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। गुलमर्ग, कश्मीर में एक सैन्य फायरिंग रेंज का नाम एक्ट्रेस के नाम पर रखा गया है। जिसे अब 'विद्या बालन फायरिंग रेंज' के नाम से जाना जाएगा। पहले इस रेंज का कोई नाम नहीं था। विद्या बालन ने इस साल की शुरूआत में कश्मीर में भारतीय सेना द्वारा आयोजित 'गुलमर्ग विंटर फेस्टिवल' में भाग लिया था। विद्या बालन की विभिन्न उपलब्धियों का सम्मान करते हुए, भारतीय सेना ने इस सैन्य फायरिंग रेंज को 'विद्या बालन फायरिंग रेंज' नाम दिया।







# कृति के पास फिल्मों का ढेर

कृति सेनन ने लॉकडाउन लागू होने से ठीक पहले अरुणाचल प्रदेश में अपनी आगामी हॉरर फ्लिक भेड़िया की शूटिंग के प्रमुख हिस्सों को पूरा कर लिया था। लॉकडाउन में ढील के साथ, अभिनेत्री फिर से सेट पर वापस आ गई हैं। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने साझा किया, 'लॉकडाउन में ढील के साथ, कृति अपनी आने वाली फिल्मों के सेट पर वापस आ गई हैं। वह अभी मुंबई में आदिपुरुष के सेट पर हैं, फिर वे बच्चन पांडे के सेट पर नजर आएंगी।' सूत्र आगे कहते हैं, 'कृति अपनी डेट्स पर काम कर रही हैं क्योंकि सभी फिल्में अपनी फिल्मों को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। कृति अब अपनी तीन फिल्मों, भेड़िया, आदिपुरुष और बच्चन पांडे, को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं।' इन फिल्मों के अलावा कृति के पास 'मिमी', 'गणपत', और 'हम दो हमारे दो' जैसी फिल्में हैं। कुछ निमार्ता कृति को लेकर फिल्म प्लान कर रहे हैं जिनकी घोषणा आने वाले दिनों में होगी।